## एक नजर में

### कल निकलेगी वाहन रैली

**शोभापुर** –शहीद दिनेश सिंह स्मारक पुनर्निर्माण के लिए 8 तारीख को संपूर्ण संगठनों द्वारा वाहन रैली निकला जाना है जीसके संबंध में संगठन के मुख्य मुख्य पद अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को आवेदन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई । आवेदन में बताया गया कि रैली में लगभग 100 से ऊपर मोटरसाइकल हो सकती हे । व्यक्तियों की संख्या 200 से ऊपर होगी । यह रैली शांति पूर्ण रूप से प्रशासन के सारे नियमों को मानते हुए निकाली जाएगी । आवेदन देने वालों में शोभापुर चौकी प्रभावी चौहान साहब को करणी सेना जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम इकलेश ठाकुर, बजरंग दल से रोहित सिंह ठाकुर, एवं शोभापुर के आम नागरिक मंजेश ठाकुर, नीतेश कुमार मिश्रा, आर्यन ठाकुर, आदि हैं.

### करनी सेना परिवार के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट

**हरदा** – प्रांतीय करनी सेना परिवार के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से हरदा में राजपूत समाज के साथ 12 एवं 13 जुलाई को घटित घटनाओं के संबंध में कार्यवाही किए जाने हेतु सौजन्य भेंट की ।इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने हरदा जिले की राजपूत परिषदों के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों से इस मामले में वस्तुस्थिति जानने हेतु मिलने की इच्छा जाहिर की थी।

# स्मार्ट मीटर न लगाने तगड़ा विरोध

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जमकर लगाये नारे

जिन उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं,उनके यहां बहुत अधिक बिल आने की शिकायत पर तुरंत जाँच कर पुराना मीटर लगाने एवं बार बार बिजली गुल होने की समस्या को हल करने की मांग की गई। मांग पूरी न होने की स्थिति में पूरे जिले में आंदोलन कर जिला बंद करने की चेतावनी दी गई।

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 06 अगस्त** स्मार्ट मीटर की रफ़्तार से परेशान आम नागरिकों की आवाज़ को बुलंद करते हुए कांग्रेस ने मोर्चा संभाला हुआ है ।पहले इटारसी में लगातार कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर एम पी ई बी ऑफिस का घेराव किया वहीं बुधवार को पूर्व विधायक पंडित गिरजाशंकर शर्मा,कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे,नर्मदापुरम नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर तीखा विरोध किया।

कांग्रेस ने महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कम्पनी के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में जबरजस्ति स्मार्ट मीटर न लगाने,जिन उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं,उनके यहां बहुत अधिक बिल आने की शिकायत पर तुरंत जाँच कर पुराना मीटर लगाने एवं बार बार बिजली गुल होने की समस्या को हल करने की मांग की गई ।मांग पूरी न होने की स्थिति में पूरे जिले में आंदोलन कर जिला बंद करने की चेतावनी दी गई ।चर्चा के दौरान महाप्रबंधक श्री भदौरिया ने नए स्मार्ट मीटर न लगाने एवं शासन से मार्गदर्शन लेने का आश्वासन के साथ ही जिन उपभोक्ताओं के घर अधिक बिल आ रहे हैँ,उनकी शिकायत पर तुरंत निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य चन्द्रगोपाल मलैया, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका नर्मदापुरम अनोखी राजोरिया,श्रीमती मीना वर्मा, अजय सैनी,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंदू वर्मा,जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार,फेजान उल हक, महेश पाण्डेय,जीजी जोसफ, राजेंद्र मिश्रा,श्याम दुबे, अनिल सक्सेना,प्रताप ठाकुर,गुलाम मुस्तफ़ा,विजेंद्र राजपूत,राजेश चौहान, कमलेश बाथरे,कपिल यादव, हेमंत चौधरी,अमित खत्री, कुलदीप राठौर,आफरीद, अफराज खान,बबलू मीना, सूरज तिवारी,कीर्ति मिश्रा, प्रेम राजोरिया, आनंद थापक, शैलेन्द्र तोमर,धीरज बहुत्रा, देवी दास,सहित अन्य कांग्रेस जन एवं आम उपभोक्ता भी शामिल रहे ।



## स्कूल के छात्रों का आपसी झगड़ा थाने तक पहुंचा

**नर्मदापुरम, 07 अगस्त 2025** आपसी विवाद के चलते तीन छात्रों में झगडा इतना बढ गया कि मामला पुलिस थाने तक पहुंचा.

थाना प्रभारी सौरभ पाण्डे ने बताया कि सेमरीटेंस स्कूल के कक्षा दसवी के छात्रों का आपस में झगडा हो गया था. इनका मेडिकल भी कराया जा चुका है.

बताया जाता है कि स्कूल में भी बच्चों की आपस में काफी दिनों से कहासुनी और झगडा चल रहा था लेकिन आज हाथापाई के साथ चाकूबाजी की घटना भी हो गई. श्री पाण्डे ने बताया कि आवेदन लेकर मामले की जांच की जा रही है. बच्चों की 14 वर्ष से उम्र कम है जिससे नाबालिक होने के कारण मामले को देखा जाएगा.

इसी बीच स्कूल प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बताया कि मेरी जानकारी में नहीं है कि झगडा हुआ है. पर जब छात्रों के नाम पूछे गये तो उन्होंने बताया कि तीनों ही कक्षा दसवीं के छात्र हैं.घटना कोचिंग से लौटते वक्त की बताई जा रही है. जहां छात्रों का झगडा हुआ.इस संबंध में छात्रों को किशोर न्यायालय नर्मदापुरम में पेश करेंगे.

# अमृत भारत रेलवे स्टेशन के निर्माण का लिया जायजा



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 06 अगस्त** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल के नए डीआरएम पंकज त्यागी बुधवार को पहली बार इटारसी पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म नंबर एक पर बनी लॉबी रूम का निरीक्षण किया और कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। डीआरएम ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान स्टेशन के प्रवेश द्वार से जुड़ी समस्याओं पर स्थानीय अधिकारियों ने चर्चा की। इटारसी स्टेशन के प्रवेश द्वार के कारण सुबह से शाम तक यातायात व्यवस्था बाधित होती है। इस मुद्दे पर एसडीएम और एसडीओपी ने डीआरएम से विचार-विमर्श किया। डीआरएम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इटारसी स्टेशन पर अलग-अलग एंट्री और एग्जिट बनाई जाएगी। इससे समस्या का समाधान होगा। यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिए नए फुट ओवर ब्रिज के साथ एस्केलेटर भी लगाए जा रहे हैं। डीआरएम ने कहा कि जल्द ही यात्रियों को एक बेहतर रेलवे स्टेशन देखने को मिलेगा। नए डीआरएम स्पेशल ट्रेन से भोपाल से इटारसी पहुंचे थे। इटारसी के बाद वे खंडवा का भी निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वेस्ट सेंट्रल मजदूर संघ ने डीआरएम को पांच सूत्रीय मांगों का एक पत्र सौंपा। इसमें रनिंग स्टाफ के ड्यूटी घंटों को कम करने और भोपाल-आमला रूट पर पवार खेड़ा स्टेशन पर स्टाफ चेंज करने सहित मांगें शामिल हैं।

# बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों पर होगी कार्यवाही

मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 के तहत होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/06 अगस्त** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जिले में दो पहिया वाहन चालकों की सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 के तहत प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशानुसार प्रत्येक दो पहिया वाहन चालक एवं वाहन सवारी को आई.एस.आई. मार्क हेलमेट पहनना अनिवार्य है। बिना हेलमेट के वाहन चलाना सड़क दुर्घटना एवं असामयिक मृत्यु की संभावना को बढ़ाता है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा नर्मदापुरम नगर, ग्रामीण क्षेत्र एवं डोलरिया के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं डीएसपी ट्रैफिक, इटारसी एवं केसला उपनिरीक्षक श्री सुनील घावरी पिपरिया क्षेत्र के लिए सहायक उपनिरीक्षक श्री महेश धुर्वे, सिवनी मालवा में सहायक उपनिरीक्षक श्री बलराम सिरसाम, सोहागपुर में सूबेदार श्री विनय अडल, माखननगर में थाना प्रभारी (ट्रैफिक) श्रीमती सुनीता पटेल तथा बनखेड़ी में टी.एस.आई. श्री हिमांशु जैन को प्रभारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर द्वारा उक्त समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर निरीक्षण करें तथा मोटर यान अधिनियम की धारा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करें।

## दिव्य रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन

**माखन नगर** ओम शांति आप सभी को बताते हुए बड़ा ही हर्ष हो रहा है प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदानी भवन माखन नगर में कल दिनांक 7 अगस्त 2025 प्रात: 9:00 से 11:00 बजे अलौकिक रक्षाबंधन मनाया जाएगा जिसमें सर्वप्रथम सभी भाई बहनों को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाया जाएगा सभी भाई बहनों के कलाई पर ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा जाएगा एवं राखी का आध्यात्मिक महत्व समझाया जाएगा तत्पश्चा सभी भाई बहनों को भगवान का प्रसाद खिलाया जाएगा अत: आप सभी बाबा के घर जरूर आएं.

# खाद न मिलने से परेशान किसानों ने पुलिस के सामने किया हंगामा

नवभारत न्यूज

**हरदा, 06 अगस्त** शहर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात से लाइन में खड़े किसानों को टोकन मिलने के बाद भी यूरिया नहीं मिल पाई। बुधवार को दोपहर में नाराज किसानों ने पुलिस की मौजूदगी में हंगामा कर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की। गोदामों में स्टॉक खत्म होने की जानकारी किसानों को मिलते ही वे कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने प्रशासन से खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान तेज धूप और गर्मी से लाइन में रहने के कारण एक किसान की तबीयत खराब हो गई। इस वर्ष किसानों ने सोयाबीन की जगह मक्का की खेती का रकबा तीन गुना बढ़ाया है, लेकिन समय पर यूरिया न मिलने से फसल को नुकसान का अंदेशा है। ज्ञात हो मंगलवार को प्रशासन ने एमपी एग्रो, डीएमओ गोदाम और सोसाइटी के माध्यम से खाद वितरण की जानकारी दी, जिसके बाद सैकड़ों किसान देर शाम से ही गोदामों पर पहुंच गए। बुधवार दोपहर को खाद लेने लाइन में लगे किसानों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। वहा पुलिस को तैनात किया गया। पुलिस ने किसानों को धूप से बचाने के लिए खुद टोकन बांटना शुरू किया। किसानों का कहना है कि अब उन्हें फसल बचाने के लिए यूरिया की तत्काल जरूरत है। इसलिए वे पूरी रात लाइन में रहकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि फसल बोने के एक महीने बाद भी एक बार यूरिया नहीं मिल पाया है, जिससे मक्का की फसल पीली पड़ने लगी है। किसानों ने कहा कि वे रात से लाइन में लगे हैं, लेकिन बारी आने तक खाद खत्म हो गया। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। वो पहले कई बार खाली हाथ लौटे हैं। विपणन संघ के प्रबंधक योगेश मालवीय ने बताया कि 850 मैट्रिक टन यूरिया कॉपरेटिव सोसायटी के माध्यम से वितरित किया गया। वहीं कृषि उप संचालक जवाहरलाल कास्दे ने बताया कि 400 मैट्रिक टन यूरिया निजी डीलरो के माध्यम से वितरित किया गया ।साथ ही श्री कास्दे ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए कुल 24 हजार 500 मैट्रिक टन खाद की जरूरत है, जिसमें से 22 हजार मैट्रिक टन खाद पहले ही आ चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार खाद की रैक लग रही है और किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है जिला मुख्यालय पर मार्कफेड के दो, प्राइवेट के दो एवं एमपी एग्रो के एक गोदाम से यूरिया वितरण किया गया।

# व्यापारी के युवा बेटे का शव उसके कमरे में मिला

नवभारत न्यूज

**इटारसी** केसला। ब्लॉक के कस्बे सुखतवा निवासी एक हार्डवेयर व्यापारी के युवा बेटे का शव उनके कमरे में मिला है, जिसकी गर्दन पिछले हिस्से में धारदार चीज से कटी थी। मामले में आत्महत्या की आशंका जतायी जा रही है। मृतक उपांशु साहू, 22 वर्ष, निवासी हार्डवेयर व्यवसायी अशोक साहू के बेटे थे। बताया जाता है कि मंगलवार रात को उन्होंने एक 1-फुट के ग्राइंडर कटर का उपयोग कर अपनी गर्दन काट ली, जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। यह घटना 5 अगस्त की रात की है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह भयावह घटना तब सामने आई जब सुबह दुकान खोलने का समय हुआ और उपांशु के फोन पर लगातार कॉल किए जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो परिवार के लोग चिंतित हो गए। उन्होंने मकान की छत पर चढ़कर पीछे के रास्ते से दरवाजा तोड़कर देखा। अंदर का दृश्य बेहद हृदय विदारक था। उपांशु का शव उनके बेडरूम में बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

## समस्याओं के समाधान की मांग

**पिपरिया** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के द्वारा तहसील के सामने धरना प्रदर्शन कर मूंग खरीदी के दौरान कृषको की समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जितेन्द्र भार्गव, शिवराज राजौरिया, विश्वनाथ, सौरभ पटेल,विक्रम पटेल,नरेश राय, बाबूपाल,नरेश राय, हल्केवीर,मंगल पटेल, नंदकिशोर सहित उपस्थित किसानो ने बताया कि अनंतश्री वेयर हाउस में रखी मूंग को तत्काल प्रभाव से किसानो को वापिस की जावे।

# भोपाल मंडल डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**हरदा** भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी बुधवार को निरीक्षण करने हरदा रेलवे स्टेशन दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सभी काम अच्छी गुणवत्ता से और समय पर पूरे किए जाएं ।हरदा स्टेशन पर उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 को देखा, टिकट काउंटर की व्यवस्था की जांच की और स्टेशन पर लगे निर्माण के नक्शे को देखकर इंजीनियर से जानकारी ली। इसके अलावा, पुरानी बिल्डिंग के ऊपर बन रहे नए प्रतीक्षालय, स्टेशन परिसर और मुख्य गेट का भी निरीक्षण किया।

डीआरएम पंकज त्यागी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि वे अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक हरदा स्टेशन का सौंदर्याकरण पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधियों ने ज्ञापन देकर मांगे रखी कि हरदा स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज मिले, टिकट काउंटर रात 8 बजे तक खुला रहे, हरदा से नागपुर तक सीधी ट्रेन शुरू की जाए.

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर हुई बैठक

**पिपरिया** जनपद पंचायत सभागृह में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर बैठक आयोजित हुई। जनपद पंचायत सभागृह में एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव,तहसीलदार महेन्द्र चौहान, जनपद अध्यक्ष संध्या सिगारे सहित विभिन्न विभागो के अधिकारियों व स्कूलो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक हुई जिसमें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की गई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लालन पालन प्रशिक्षण

सुनहरे 1000 दिवस का महत्व तथा पांच जरूरी घटक

नवभारत न्यूज

**माखननगर, 06 अगस्त** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शुरुआती बाल विकास और देखभाल के लिए सशक्त बनाने के प्रशिक्षण लालन-पालन के अंतर्गत शुरुआती बाल विकास देखभाल ,सुनहरे 1000 दिवस का महत्व, बच्चों की देखभाल के लिए जरूरी घटक ,और देखभाल में पिता की भागीदारी, बच्चों के पूर्ण विकास के लिए पांच जरूरी घटक ,लालन-पालन बैठक के दौरान वीडियो का इस्तेमाल आदि महत्वपूर्ण विषयो पर डॉक्टर वंदना शुक्ला जिज्ञासा कौर आदर्श मिश्रा साक्षी यादव आदि की टीम द्वारा ग्राम पंचायत समोन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस समय नसीराबाद सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर्यवेक्षक श्रीमती कमलेश वर्मा उपस्थित रही

# विधायक ने विधानसभा में उठाया कर्मचारियों का मुद्दा

नवभारत न्यूज

**हरदा** विधायक डॉ. दोगने ने विधानसभा में उठाया आउटसोर्स कर्मचारी की समस्याओं व भवन विहीन शासकीय विद्यालयों का मुद्दा हरदा विधायक द्वारा मध्य प्रदेश के शिक्षा स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रश्न किया गया कि मेरे द्वारा आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल, हरदा कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को आउटसोर्स कर्मचारी के 01 वर्ष का एरियर एवं 03 माह का वेतन भुगतान अतिशीघ्र करने हेतु प्रेषित किए गए पत्र पर क्या कार्यवाही की गई, जिला हरदा अंतर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम विभाग के आदेशानुसार प्रश्न दिनांक तक एरियर राशि का भुगतान क्यों नहीं किया गया, जबकि अन्य जिलों में कर दिया गया है ।जिला हरदा अंतर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को 03 माह से वेतन भुगतान क्यों नही किया गया और कर्मचारियों को प्रतिमाह निश्चित तारीख पर वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है। सरकार के पास कर्मचारियों को एरियर राशि व वेतन भुगतान किए जाने हेतु बजट नहीं है, क्या, यदि हाँ, तो इसका कारण बतावें और कब तक एरियर राशि व विगत 03 माह के वेतन का भुगतान कर दिया जावेगा, क्या भा.ज.पा. द्वारा अपने चुनावी संकल्प पत्र में आउटसोर्स कर्मचारियों की श्रमिक दरों में वृद्धि, संविदा का लाभ एवं केन्द्र व प्रदेश के श्रम कानून के अधीन सुविधा प्रदान करने की घोषणा की गई थी, यदि हाँ, तो इसका लाभ कब तक दिया जावेगा, यदि नहीं तो, कारण बताये। बजट उपलब्धता अनुसार भुगतान की कार्यवाही की जाती है जो सतत् प्रक्रिया है और भा.ज.पा. द्वारा अपने चुनावी संकल्प पत्र में आउटसोर्स कर्मचारियों की श्रमिक दरों में वृद्धि, संविदा का लाभ एवं केन्द्र व प्रदेश के श्रम कानून के अधीन सुविधा प्रदान करने की घोषणा की गई थी, श्रमायुक्त कार्यालय, म.प्र. शासन इंदौर द्वारा दरों में समय-समय पर वृद्धि की जाती है।

## छात्रों को म्युचुअल फंड के संबंध में किया जागरूक

**इटारसी।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक इटारसी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसईबीआई एवं एनएसई की ओर से सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर सुश्री पूजा ऋषि ने विद्यार्थियों को पर्सनल फाइनेंशियल प्लेनिंग, शेयर मार्केट एवं म्युचुअल फंड के संबंध में जागरूक किया। उन्हें निवेश की मूल बातें बताई.

# साधक संत गुरुदेव दादा भाई पहुंचे मां नर्मदा के तट

नवभारत न्यूज

**हण्डिया, 06 अगस्त** मध्य प्रदेश की जीवन दायिनी पूण्य सलिला मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र नेमावर में सावन माह के पावन अवसर पर साधक संत गुरुदेव दादा भाई के सानिध्य में मां नर्मदा तट नाभि क्षेत्र नेमावर में दादाजी परहित सेवा संस्थान आगरा मालवा,खातेगांव,भोपाल,आगर मालवा के करणसिंह यादव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने साधक संत गुरुदेव दादा भाई दादाजी धूनीवाले दरबार श्यामला हिल्स भोपाल की मंगल उपस्थिति में विशाल चुनरी यात्रा सोमवार को आदि गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला परिसर से प्रारंभ की, चुनरी यात्रा के दौरान सर्वप्रथम करणसिंह यादव, सुंदर लाल यादव आगर मालवा, कथा व्यास पंडित नित्यानंद शास्त्री, रामदयाल रावाडिया,अमृतलाल बागबान, साहू समाज के अध्यक्ष राम नारायण साहू, संतोष पटेल,प्रदीप साहू, पंडित कृष्ण गोपाल पंचोली, पूनम बिश्नोई, सुनील अग्रवाल, सतीश सोनी,सहित बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने संत दादा भाई का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। चुनरी यात्रा में मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र में मां नर्मदा का संत गुरुदेव दादा भाई ने अभिषेक कर आरती की व विशाल चुनरी मां नर्मदा को अर्पण की ।सभी श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा का पूजन अभिषेक कर मां नर्मदा के पवित्र जल में पार्थेश्वर भगवान का विसर्जन किया। चुनरी यात्रा में यात्रा बाबा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर व नर्मदा तट पर समापन हुआ। मां नर्मदा के तटों पर कण कण में शिव है,शिव महापुराण की दिव्य कथा नर्मदा तट पर श्रवण करने से शिव की कृपा के पात्र बनते हैं मां नर्मदा का अमृत जल इस जल से बाबा का अभिषेक किया गया.

# राज्यपाल 15 अगस्त को राजभवन पचमढ़ी में करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**पचमढी/06, अगस्त,** 2025/ मध्य प्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री मंगू भाई पटेल 15 अगस्त को पचमढ़ी के राज भवन में प्रात: 8:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तत्संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को प्रमुख सचिव श्री नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में राजभवन पचमढ़ी में बैठक आयोजित की गई। प्रमुख सचिव श्री कोठारी ने अवगत कराया कि महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल का 14 अगस्त को ही पचमढ़ी आगमन होगा। 15 अगस्त को महामहिम राज्यपाल राज भवन में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राज भवन भोपाल एवं जिले के सभी प्रमुख अधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे।

संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं धर्मगुरुओं की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी साथ ही जनप्रतिनिधि गणो भी इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है। 15 अगस्त के अवसर पर राजभवन में उत्कृष्ट मेधावी खिलाड़ी, छात्र-छात्राओं उपस्थित रहेंगे। आर्मी बैंड दल द्वारा अपनी मधुर प्रस्तुति की जाएगी। प्रमुख सचिव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए.

## मटकुली में दो दुकानों में लगी आग

**पिपरिया** मटकुली मे दो दुकानो में आग लगने से लाखो रूपये का नुकसान हुआ। वही पोस्ट आफीस में रखी सामग्री भी जल गई। मटकुली ग्राम में अज्ञात कारणो से सोमवार रात्रि में आग लगी जिससे गंगाबाई पति शिवप्रसाद साहू की दो दुकानो में एक दुकान में आटो पार्टस की पंकज यादव की दुकान व दूसरी दुकान में पोस्टआफीस की सामग्री,नगद राशि व कागजात जले। सोमवार रात्रि में लगभग 11 बजे आग लगने की सूचना ग्रामीणो ने स्टेशन रोड एसआई पंकज नामदेव को दी तत्काल पिपरिया से फायरबिग्रेड भेजी गई जिससे आग पर काबू पाया जा सका। आटोपार्टस की दुकान में अंदर खडी दो मोटर साइकिल एवं दुकान का सामान जल गया।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चे घर पर ही किट से करेंगे पढ़ाई

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 06 अगस्त** सिवनी मालवा विकासखंड में स्कूल जाने में असमर्थ बहुत दिव्यांग श्रेणी (चलने फिरने में असमर्थ या जो छात्र-छात्राएं बिस्तर पर हैं) के बच्चों के लिए गृह आधारित शिक्षण शुरू किया गया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्रीमती संगीता यादव एवं मोबाइल स्त्रोत सलाहकार श्रीमती पूर्णिमा त्रिपाठी ने इन छात्र-छात्राओं को सर्वे के माध्यम से ढूंढ लिया। इससे बच्चों को घर पर ही शिक्षित किया जाएगा जिससे हिंदी एवं अंग्रेजी की वर्णमाला सीख पाएंगे, रंगों के ज्ञान के साथ ही बड़ा छोटा आकार भी समझ पाएंगे। इसके लिए बच्चों को किट दी जा रही है जिससे पढ़ाई की सामग्री संबंधित बालकों की काउंसलिंग कर किट से कराई जाने वाली पढ़ाई और उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी जा रही है। प्रति वर्ष ऐसे बालक बालिकाओं को सर्वे के माध्यम से पता किया जाता है। इसी क्रम में प्राथमिक शाला भीलपुरा के नैतिक पिता अंकित दास को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्रीमती संगीता यादव, मोबाइल स्त्रोत सलाहकार श्रीमती पूर्णिमा त्रिपाठी, वार्ड पार्षद प्रशांत यादव, जन शिक्षक राजेश रघुवंशी एवं प्रीतम घोकल द्वारा किट प्रदान की



**किट में उपलब्ध सामान-** हिंदी एवं अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर ज्ञान के लिए अल्फाबेट बिल्डिंग ब्लॉक एक स्टडी टेबल प्लास्टिक एवं स्टील के दो एक्स्ट्रा ग्लास एवं अन्य सामान है। ऐसे दिव्यांग बच्चे जो चलने फिरने या बिस्तर पर हैं उनकी शिक्षा के लिए विभाग द्वारा सार्थक पहल की गई। विकासखंड सिवनी मालवा में ऐसे इस सत्र में 6 बच्चे दर्ज हैं किट को प्राप्त बालक बालिकाएं खुश हुए।

**इनका कहना है।**

इस सम्बंध में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्रीमती संगीता यादव ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के घरों पर जाकर किट प्रदान की जा रही है।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम श्यामा वामने दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम श्यामबाई बामने पत्नी स्व0 अनोखीलाल बामने है इस प्रकार आधार कार्ड में मेरी जन्म तिथि त्रुटिवश 22.03.1974 दर्ज है जबकि मेरी सही जन्मतिथि 22.03.1975 (बाईस मार्च उन्नीस सौ पचहत्तर) है। मेरे द्वारा इस सूचना का प्रकाशन मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम श्यामबाई बामने पत्नी स्व0 अनोखीलाल बामने तथा सही जन्मतिथी 22.03.1975 कराने के संबंध में किया जा रहा है इस संबंध में मेरे द्वारा एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है।

इटारसी,
दिनांक-06/08/2025

भवदीय
श्यामबाई बामने पत्नी
स्व0 अनोखीलाल बामने
निवासी ग्राम तीखड़ तहसील इटारसी
जिला नर्मदापुरम म0प्र0 8959890044

## कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम मप्र

दूरभाष नं 7576 -228512
email-cmobankhedi@mpurban.gov.in
क्रमांक/ 2193 /नप/2025
बनखेड़ी , दिनांक 06/08/2025

// सार्वजनिक इश्तहार सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का वार्डवार वार्ड कमांक 01 से 15 में सर्वेक्षण कार्य सर्वेक्षण दल द्वारा किया गया जिसमें कई हितग्राही पूर्व से ही स्वंय के नाम पर या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर पक्का (आरसीसी/गार्डर फर्शी की छत) द्वारा निर्मित पक्के/अर्द्धपक्के मकान में परिवार के साथ निवासरत पाये गयें। ऐसे हितग्रहियों की सूची निकाय द्वारा संधारित की गई है। जिसका प्रकाशन कार्यालय नगर परिषद, तहसील, जनपद पंचायत बनखेडी नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, जिसमें आवेदक / हितग्राही अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी में 07 दिवस में प्रस्तुत कर सकतें है आम सूचना इश्तहार समयावधि उपरांत ऐसे आवेदनों कों पीएमएबाय ऑनलाईन पोर्टल 2.0 से निरस्त कर दिया जायेंगा। जिसकी समस्त जवावदारी स्वयं हितग्राही की रहेगी। इसके पश्चात् आवेदन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावेगी। सूचना जानिये।

**संलग्न- सूची वार्ड कमांक 01 से 15**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद बनखेड़ी